# ‘शोध प्रबोध’

**(पूर्व समीक्षित शोध पत्रिका (पियर रिव्यूड) ISSN- 3139-2334**

शोध आलेख आमंत्रित हैं–

हमें यह बताते हुए प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है कि **कमला नेहरू कॉलेज** हिन्दी भाषा में **‘शोध प्रबोध’** शीर्षक से एक नई शोध पत्रिका प्रारम्भ करने जा रहा है। इससे पहले हमारे कॉलेज की वार्षिक जर्नल ‘एकेडेमॉस’ हिन्दी प्रकाशित होती थी। अब **‘शोध प्रबोध’** वार्षिक शोध पत्रिका प्रकाशित होगी। इसका प्रथम अंक 2026 में प्रकाशित होने जा रहा है। यह पूर्णयता पूर्व समीक्षित (पियर रिव्यूड) शोध पत्रिका है। **‘शोध प्रबोध’** पत्रिका में विषयों की विविधता, उत्कृष्टता, रोचकता, समसामयिक और ज्ञानपरक और मौलिक तथा अप्रकाशित आलेखों को ही स्थान मिलेगा। इस शोध पत्रिका में वे सभी विद्वतजन शोध पत्र/आलेख भेज सकते हैं जो शोध के क्षेत्र में कुछ मौलिक और शोधपरक अपना योगदान देना चाहते हैं। **‘शोध प्रबोध’** पत्रिका शिक्षकों और शोधार्थियों से भी शोध आलेख आमंत्रित करती है।

## शोध पत्र/आलेख भेजने के लिए नियमावली–

1. आलेख हिन्दी भाषा में होने चाहिए।
2. शब्द सीमा न्यूनतम 2500 और अधिकतम 4000 के बीच होनी चाहिए।
3. आलेख krutidev010 , मंगल या यूनिकोड में टाइप होने चाहिए। फॉन्ट साइज 16 होना चाहिए।
4. हाथ से लिखे आलेख स्वीकृत नहीं किए जाएंगे।
5. आलेख की वर्ड फाइल के साथ पीडीएफ फाइल अवश्य संलग्न करें।
6. शोध पत्र में उल्लिखित संदर्भों के लिए लेख के अंत में ही संदर्भ सूची दी जाए। संदर्भ फुटनोट पर न दिए जाएं।
7. **शोध आलेख भेजने का प्रारूप इस प्रकार होगा–**
    - **प्रस्तावना**
    - **बीज शब्द**
    - **विषय क्षेत्र**
    - **मूल आलेख**
    - **निष्कर्ष**

. **संदर्भ सूची आलेख के बाद इस क्रम में दें– पुस्तक का नाम, लेखक, प्रकाशक, प्रकाशन वर्ष, पृष्ठ संख्या आदि का स्पष्ट उल्लेख करें।**

8. शोध आलेख के साथ अलग पृष्ठ पर अपना संक्षिप्त परिचय संलग्न करें, जिसमें नाम, पद, सम्प्रति, पता, ईमेल, मोबाइल नंबर और आदि स्पष्ट रुप से लिखें।

**शोध पत्र से संबंधित संपादक मंडल की नीतियां–**

- आलेख मौलिक और अप्रकाशित होने चाहिए। इस आशय का एक स्व प्रमाण पत्र अलग पृष्ठ पर लिख कर आलेख के साथ वाले ईमेल में संलग्न करें।
- यदि कोई आलेख या उसका कोई अंश पूर्व प्रकाशित या किसी लेख की नकल पाया गया तो उसे रद्द करने का अधिकार संपादक मंडल के पास होगा।
- पियर रिव्यू संबंधित विषय विशेषज्ञों से कराये जाएंगे। उनके नाम गुप्त रखे जाएंगे।
- सभी आलेख निश्चित समय सीमा में ही स्वीकृत किए जाएंगे। निर्धारित तिथि के बाद आए आलेखों पर विचार नहीं किया जाएगा।
- 'शोध प्रबोध' पत्रिका में प्रकाशित लेखों का किसी तरह का कोई मानदेय भुगतान नहीं किया जाएगा, मगर प्रकाशित पत्रिका की एक लेखकीय प्रति निशुल्क प्रदान की जाएगी।

**नोट– शोध आलेख भेजने की अंतिम तिथि 30 अगस्त है।**

**आलेख निम्न लिखित ईमेल पर भेजें– shodhbodhknc24@gmail.com**

**प्रधान संपादक– प्रो. पवित्रा भारद्वाज (प्राचार्या)**

**संपादक– प्रो. रजत रानी आर्य (मीनू)– 9911043588** Ray

**कार्यकारी संपादक– डॉ. संगीता वर्मा –8630260035 /9953561274**

**सह संपादक– प्रो. मैत्रेयी कुमारी – 8448500379** मैत्रेयी 12/8/24

**डॉ. साधना अग्रवाल– 9891349058** – साधना अग्रवाल

**डॉ. मनोज कुमार– 8826882745**